कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम-शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788-2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग दिनांक : 22/03/2025

// प्रेस विज्ञप्ति//

## गर्ल्स कॉलेज में
## विश्व वानिक एवं विश्व जल दिवस

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के भूगोल विभाग द्वारा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विश्व वानिकी एवं विश्व जल दिवस का आयोजन 21 मार्च व 22 मार्च 2025 के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उन्होनें बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा के 28 नवम्बर 2012 के प्रस्ताव द्वारा 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस की स्थापना की गई प्रत्येक वर्ष विभिन्न कार्यक्रम वर्तमान और भविष्य के पीढ़ियों के लाभ के लिए सभी प्रकार के वनों और वनों के बाहर के पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूकता विश्व वन दिवस मनाते है। उसी प्रकार बढ़ाते है और विश्व जल दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व जल के सभी देशों में स्वच्छ एवं सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना है साथ ही जल संरक्षण के महत्व पर भी धान केन्द्रित करना है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष विश्व वानिकी दिवस मनाने का उद्देश्य यह है कि प्रत्येक वर्ष 13 मिलियन हेन्टेयर से अधिक जंगल नष्ट हो जाते है यह इंग्लैण्ड के आकार के बराबर है जैसे वनों की स्थिति में कमी होती है वैसे ही उनमें पाए जाने वाले पौधे और पशु प्रजातियाँ भी खत्म होती है। उसी प्रकार विश्व जल दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सभी जीवित प्राणियों की उत्पत्ति जल में हुई है वैज्ञानिक अब पृथ्वी के अलावा अन्य ग्रहों पर पहले पानी की खोज को प्राथमिकता देते है। पानी के बिना जीवन संचालित ही नहीं हो पायेगा। इसी कारणवश अधिकांश संस्कृतियां नदी के पानी के किनारे विकसित हुई है।

कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए श्री नितिन कुमार देवांगन ने कहा कि इस वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस 2025 को ''वन और भोजन'' के थीम के तहत तैयार किया गया है जिसमें भोजन, पोषण और आजीविका में वनों की मौलिक भूमिका को मान्यता दी गई है। उसी प्रकार विश्व जल दिवस वैश्विक जल संरक्षण के वास्तविक क्रियाकलापों को प्रोत्साहन देने के लिए विश्व जल दिवस को सदस्य राष्ट्र सहित संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनाया जाता है। विश्व जल दिवस 2025 का थीम - ''ग्लेशियरों का संरक्षण है'' क्योंकि ग्लेशियर पहले से कहीं ज्यादा तेजी से पिघल रहे है। अतः इसका संरक्षण आवश्यक है जो कि प्रमुख ताजे पानी के स्त्रोत है।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)